## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 27.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 27.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 27.07.2025 को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी सदर सुश्री पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन श्री अरविन्द कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली की उपस्थिति में जनपद में आयोजित हो रही समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधीकारी (प्रा0) परीक्षा-2023 को सकुशल नकलविहीन,शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इण्टर कालेज,सेन्ट थामस स्कूल बेडीपुलिया,तुसलीदास महाविद्यालय बेडीपुलिया एवं जनसेवा इण्टर कालेज कर्वी का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों में स्थापित कैमरा मॉनिटरिंग रूम का अवलोकन करते हुए संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड की समीक्षा की गई, ताकि परीक्षा के दौरान अनुचित गतिविधियों पर पूर्णतः नियंत्रण रखा जा सके।
पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र पर तैनात सुरक्षा बल, पर्यवेक्षकगण तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान परीक्षा केंद्रो की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा बाहरी व्यक्ति की निषेधाज्ञा सम्बन्धी प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया गया तथा समस्त कार्मिकों को सतर्क व अनुशासित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

(4). आज दिनाँक 20.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में श्रावण मास/कांवड यात्रा के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में थाना राजापुर पुलिस बल द्वारा कस्बा राजापुर एवं मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।
(5). माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के संभावित गोस्वामी तुलसीदास जन्मस्थली राजापुर भ्रमण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह,थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी के साथ तुलसीदास मंदिर, तुलसी रिसॉर्ट,लूपलाईन चौराहा एवं कस्बा राजापुर में सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने तुलसीदास जी के 528 वीं जयंती समारोह की तैयारियों के सम्वन्ध में आयोजको से वार्ता की गयी एवं मंदिर परिसर, आस-पास के क्षेत्रों, प्रवेश एवं निकास मार्गों, पार्किंग स्थल एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था का सूक्ष्मता से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उन्होंने क्षेत्राधिकारी राजापुर एवं थानाध्यक्ष राजापुर को निर्देशित किया कि समुचे मार्ग पर स्थित घरों में निवास करने वाले लोगों की समीक्षा कर ली जायें, रुफ टॉप ड्यूटी हेतु मकान चिन्हित कर लिये जायें,ड्रोन कैमरे से छतो का निरीक्षण कर लिया जायें, एएसचेक व डॉग स्क्वॉड के माध्यम से सघन चेंकिग करायी जायें एवं CCTV कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए।